# कर्मचारी का अधिकार-पत्र (चार्टर)

Magna एक ऐसे संचालन नीति के प्रति वचनबद्ध है जो निष्पक्षता एवं लोगों के लिए सरोकार पर आधारित है। यह नीति Magna की फ़ेयर एंटरप्राइज संस्कृति का हिस्सा है जिसमें कर्मचारी एवं प्रबंधन कंपनी की सफलता को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदारी साझा करते हैं। इसमें ये सिद्धांत शामिल हैं:

## नौकरी की सुरक्षा

बेहतर कीमत में बेहतर उत्पाद बनाकर स्पर्धात्मक बनना नौकरी की सुरक्षा में वृद्धि करने का सर्वोत्तम तरीका है। Magna आपकी नौकरी की सुरक्षा को बचाए रखने में मदद करने के लिए आपके साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। आपकी सहायता करने के लिए, Magna नौकरी परामर्श, प्रशिक्षण एवं कर्मचारी सहायता कार्यक्रम उपलब्ध कराएगा।

## एक सुरक्षित एवं स्वस्थ कार्यस्थल

Magna आपको एक ऐसा कार्य वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है जो सुरक्षित एवं स्वस्थ हो।

## निष्पक्ष व्यवहार

Magna किसी व्यक्ति की योग्यता एवं निष्पादन के आधार पर समान अवसरों की पेशकश करता है जो किसी भी भेदभाव या पक्षपात से मुक्त हों।

## स्पर्धात्मक वेतन और लाभ

Magna आपको ऐसी जानकारी उपलब्ध कराएगा जिससे आप अपनी कुल मुआवजों की तुलना, जिसमें वेतन एवं लाभ भी शामिल हैं, उस आमदनी से कर सकते हैं जो आपके प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धियों एवं उन स्थानीय प्रभागों के कर्मचारी प्राप्त करते हैं। यदि आपका कुल मुआवजा प्रतिस्पर्धात्मक नहीं पाया जाता हैं, तो आपकी कुल मुआवजों को समायोजित किया जाएगा।

## कर्मचारी इक्विटी तथा लाभ भागीदारी

Magna का मानना है कि प्रत्येक कर्मचारी का कंपनी की वित्तीय सफलता में हिस्सा होना चाहिए।

## संप्रषण एवं जानकारी

प्रबंधन एवं कर्मचारियों के बीच नियमित मासिक बैठकों के माध्यम से तथा प्रकाशनों के माध्यम से Magna आपको ऐसी जानकारी उपलब्ध कराएगा जिससे आप जान सकें कि आपकी कंपनी में तथा उद्योग के भीतर क्या चल रहा है।

## हॉटलाइन

यदि आपकी कोई समस्या हो, या आपको महसूस होता हो कि उपरोक्त सिद्धाँतों का पालन नहीं किया जा रहा है, तो हम आपको अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए हॉटलाइन से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। आपको अपना नाम नहीं देना है, लेकिन अगर आप देते हैं तो इसे पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा। हॉटलाइन जाँचकर्ता आपको जबाव देंगे।

हॉटलाइन सभी चिंताओं या शिकायतों की जाँच करने के लिए और उनका समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसे परिणाम की सूचना Magna के वैश्विक मानव संसाधन विभाग को देनी होगी।

**हॉटलाइन नंबर: 0008004402485**

MAGNA

ECMHiIN201501